हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
15 जून 2024, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को पीएम-किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत नौ करोड़ तीन लाख किसानों के खाते में करीब 20 हजार करोड़ रुपये अंतरित करेंगे
- 18वीं लोकसभा का पहला संसद सत्र 24 जून से शुरू होगा।
- हरियाणा में आवासीय व व्यावसायिक संपत्तियों की ई-नीलामी इस वर्ष - 27 जून, 18 जुलाई तथा पहली अगस्त को होगी
- हरियाणा खेल विश्वविद्यालय से प्राप्त पीजीडीएससी डिप्लोमा धारकों को अब देश भर में मिलेगा खेल अनुशिक्षण में समान अवसर और मान्यता

..........................................................................

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को पीएम-किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत नौ करोड़ तीन लाख किसानों के खाते में करीब 20 हजार करोड़ रुपये अंतरित करेंगे। नई दिल्ली में श्री चौहान ने कहा कि पिछले दस वर्षों में अब तक 11 करोड़ किसानों के खातों में तीन लाख करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं। श्री चौहान ने कहा कि उन्होंने 18 जून को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री का कार्यभार संभालने के बाद, वह मंत्रालय के अधिकारियों के साथ किसानों के कल्याण से संबंधित हर महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा और काम कर रहे हैं। श्री चौहान ने कहा कि उन्होंने नई सरकार की 100 दिन की योजना के अंतर्गत अपने मंत्रालय की कार्ययोजना की भी समीक्षा की है

..........................................................................

18वीं लोकसभा का पहला संसद सत्र 24 जून से शुरू हो रहा है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आज कहा कि सरकार संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी राजनीतिक दलों और सांसदों के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। उन्हों‍ंने कहा कि संसद के पहले सत्र में नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाने, लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव और फिर संसद के दोनों सदनों की बैठक में राष्ट्रपति का अभिभाषण होने की परंपरा है।

..........................................................................

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुख्यमंत्री नायब सिंह ने गत सायं राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात की। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करने पर मिठाई खिलाकर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों से राज्यपाल को अवगत करवाया। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद मुख्य मंत्री नायब सिंह की राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से यह पहली मुलाकात है।

..........................................................................

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री  सुभाष सुधा ने कहा कि अधिकारी तय समय सीमा के अंदर काम को पूरा करें और किए जा रहे कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। मंत्री कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के थर्ड गेट से ज्योतिसर तक की सडक़ का कार्य शुरू करने उपरांत उपस्थित अधिकारियों से बात कर रहे थे। उन्होंने बताया कि यह सडक़ लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही है और इसके निर्माण पर करीब 17 करोड़ 51 लाख रुपये खर्च होंगे और जल्द से जल्द इस सड़क का निर्माण कार्य पूरा कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार शहर के लाखों लोगों को सहूलियत देने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए है। इन फैसलों से लोगों का जीवन सहज होगा और नगर निकायों से संबंधित कार्यो के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में सबसे बड़े लाल डोरा सम्पत्ति का भी हल निकाला है। अब लाल डोरा भू-मालिक को स्वयं सत्यापित शपथ पत्र देना होगा, जिससे उन्हें समपति बेचने का अधिकार मिल जाएगा।

..........................................................................

हाऊसिंग बोर्ड हरियाणा द्वारा हरियाणा में नयी संशोधित नीति के अनुसार विभिन्न जिलों की आवासीय एवं व्यावसायिक संपत्तियों की http://hbh.gov.in पोर्टल के माध्यम से 27 जून, 18 जुलाई तथा पहली अगस्त,2024 को ई-नीलामी की जाएगी। बोर्ड के प्रवक्ता ने  बताया कि बोर्ड द्वारा प्रदेश के विभिन्न स्थानों नामत: पलवल, रेवाड़ी, गुरुग्राम, कुरुक्षेत्र, कैथल, रोहतक, रतिया, सिरसा, झज्जर, हिसार, टोहाना, फतेहाबाद, करनाल, घरौंडा, सोनीपत, पानीपत, नरवाना, पंचकूला, यमुनानगर, अम्बाला कैंट व धारूहेड़ा की आवासीय संपत्तियों और जिला सिरसा, मडलौडा तथा बहादुगढ़ में व्यावसायिक संपत्तियों की ई-नीलामी की जाएगी। उन्होंने बताया कि आगामी दो मास के लिए ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 15 से 29 जुलाई, 2024 है।

बोर्ड द्वारा एक हजार रुपये व 18 प्रतिशत जीएसटी पंजीकरण शुल्क तथा 500 रुपये व 18 प्रतिशत जीएसटी प्रोसेसिंग शुल्क निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि ई-नीलामी http://hbh.gov.in पोर्टल पर सुबह 10 बजे शुरू की जाएगी। इस संबंध में स्थलों की पूरी जानकारी और ई-नीलामी के नियम और शर्तें हाऊसिंग बोर्ड हरियाणा की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आने वाली ई-नीलामी की जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाइट http://hbh.gov.in   तथा हेल्पलाइन नंबर 0172-3520001 पर प्राप्त की जा सकती है।

..........................................................................

हरियाणा खेल विश्वविद्यालय राई के कुलपति एवं पूर्व डीजीपी अशोक कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा घोषणा की गई है कि हरियाणा खेल विश्वविद्यालय, राई (सोनीपत) द्वारा दिया जाने वाला खेल कोचिंग का डिप्लोमा (पीजीडीएससी) अब प्रतिष्ठित संस्थान नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल (एनआईएस), पटियाला और देश भर के अन्य यूजीसी-मान्यता प्राप्त खेल विश्वविद्यालयों द्वारा दिए जाने वाले खेल कोचिंग डिप्लोमा के बराबर माना जाएगा। यह ऐतिहासिक निर्णय खेल शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एनआईएस, पटियाला के डिप्लोमा के बराबर की मान्यता मिलने का मतलब यह ही की हरियाणा खेल विश्विद्यालय से प्राप्त पीजीडीएससी डिप्लोमा धारकों को अब देश भर में खेल कोचिंग में

समान अवसर और मान्यता मिलेगी। उन्होंने बताया कि अब हरियाणा खेल विश्वविद्यालय में प्रवेश के इच्छुक छात्रों प्रवेश हेतु आवेदन फॉर्म को 15 जुलाई, 2024 तक भर सकेंगें। प्रवेश के लिए आवेदन की तिथि को 21 जून 2024 से बढ़ाकर 15 जुलाई कर दिया गया है। समतुल्यता, विद्यार्थियों को अन्य प्रमुख संस्थानों के स्नातकों के बराबर ही भविष्य बनाने और आगे बढ़ने में सक्षम बनाएगी। आवेदन विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.suoh.ac.in के माध्यम से ऑनलाइन जमा किए जा सकते हैं।

..........................................................................

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा 18 से 20 जून तक नर्सरी रेजिंग (फल, फूल, सब्जी) और 24 से 26 जून तक मधुमक्खी पालन पर तीन दिवसीय व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रशिक्षण में प्रवेश पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में देश व प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला व पुरुष भाग ले सकेंगे। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को विश्वविद्यालय की तरफ से प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिकों द्वारा उत्पादन तकनीकों की जानकारी देकर युवाओं का कौशल विकास किया जाएगा। व्यावहारिक ज्ञान के लिए प्रशिक्षण से संबंधित स्थापित इकाईयों का भी भ्रमण करवाया जाएगा। इच्छुक युवक व युवतियां पंजीकरण के लिए सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में उपर्युक्त प्रशिक्षण की तिथि को ही सुबह 7 बजे पहुंचकर अपना पंजीकरण करवाकर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। पंजीकरण के लिए उम्मीदवारों को एक फोटो व आधार कार्ड की फोटोकॉपी साथ लेकर आनी होगी।

.............................................................

इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी(इग्नू) की पूरे भारत में जून 2024 सत्रांत परीक्षाएं अभी चल रही है जो कि 15 जुलाई,2024 तक चलेंगी। क्षेत्रीय केंद्र करनाल के अंतर्गत पूरे हरियाणा में कुल 38 परीक्षा केंद्र स्थापित किये गए है जहाँ इग्नू की परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि 18 जून को यूजीसी नेट के एग्जाम के कारण इग्नू का एग्जाम अब 23 जून,2024 रविवार को कर दिया गया है। इग्नू के अन्य सभी एग्जाम पहले से निर्धारित डेट शीट के अनुसार ही आयोजित किये जायेंगे।
इग्नू ने विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए एक नोटिफिकेशन जारी कर 18 जून के एग्जाम को 23 जून को री-शेड्यूल करने का निर्णय लिया है। इग्नू की सत्रांत परीक्षाओं में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ignou.ac.in से संशोधित डेटशीट और हॉल टिकट डाउनलोड कर सकते है।

..............................................................